गोदी में उठा लो मेरी माँ

गोदी में उठा लो मेरी मां गजानन छोटे हैं.....

मेरे गजानन का छोटा सा माथा है,
तिलक लगा दो मेरी मां गजानन छोटे हैं.....

मेरे गजानन का छोटा सा गला है,
हार पहना दो मेरी मां गजानन छोटे हैं....

मेरे गजानन के छोटे-छोटे हाथ हैं,
कंगन पहना दो मेरी मां गजानन छोटे हैं......

मेरे गजानन के छोटे-छोटे पांव हैं,
पायल पहना दो मेरी मां गजानन छोटे हैं....

मेरे गजानन के छोटे-छोटे अंग हैं,
पीताम्बर पहना दो मेरी मां गजानन छोटे हैं.....

मेरे गजानन का छोटा सा मुख है,
मोदक खिला दो मेरी मां गजानन छोटे हैं....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27352/title/godi-me-utha-lo-meri-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |